जापान संग 10 क्षेत्रों में होगी बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सनाए ताकाइची के बीच वार्ता में 'मुक्त और खुला हिंद-प्रशांत' मुख्य एजेंडा

अर्चिस मोहन

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत-जापान वार्षिक शिखर वार्ता करेंगी। इस महत्त्वपूर्ण बैठक में 'मुक्त और खुला हिंद-प्रशांत' चर्चा का प्रमुख विषय होगा। दोनों पक्ष रक्षा, सेमीकंडक्टर, दुर्लभ खनिज, मजबूत और लचीली आपूर्ति श्रृंखला एवं ऊर्जा सुरक्षा सहित 10 क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कदम उठाने की दिशा में काम करेंगे।

टोक्यो ने भारत के रणनीतिक तेल और गैस भंडार स्थापित करने में सहायता कर भारत के ऊर्जा लचीलापन बढ़ाने के प्रयासों में रुचि दिखाई है। भारत और जापान दोनों ही देश दुर्लभ खनिजों के मामले में चीन पर निर्भरता कम करने के उपाय अपनाने की कोशिशों में जुटे हैं।

निक्केई अखबार की रिपोर्ट के अनुसार भारत और जापान स्थानीय मुद्रा में लेनदेन तंत्र स्थापित करने पर भी विचार कर रहे हैं। इससे येन और रुपये के बीच प्रत्यक्ष लेनदेन की व्यवस्था हो सकेगी, जिससे दोनों ही पक्षों को खासा फायदा होने की उम्मीद है।

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची बुधवार को नई दिल्ली पहुंचीं

दोनों नेता 'अगले दशक के लिए जापान-भारत संयुक्त दृष्टिकोण' के तहत आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा और निवेश एवं नवाचार के माध्यम से आर्थिक विकास को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इस दृष्टिकोण की घोषणा अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा के दौरान की गई थी। जापान ने बीते साल अगस्त में अगले 10 वर्षों में भारत में 10 लाख करोड़ येन के निजी निवेश का वादा किया था, जिसमें से कई निवेश परियोजनाएं देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में लाई जाएंगी।

ताकाइची के साथ 50 जापानी व्यापारिक दिग्गजों का प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है। पहले ताकाइची और उनके व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल असम के गुवाहाटी में भारतीय नेतृत्व के साथ वार्ता करने वाला था, लेकिन लॉजिस्टिक मुद्दों के कारण वार्षिक शिखर वार्ता का स्थान नई दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया।

जैसे-जैसे दोनों देश 2027 में द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहे हैं, दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ता जा रहा है। द्विपक्षीय ढांचे में अब 70 से अधिक संवाद तंत्र शामिल हो चुके हैं।

अपनी तीन दिवसीय नई दिल्ली यात्रा के लिए रवाना होने से पहले ताकाइची ने बुधवार को टोक्यो में कहा, 'भारत के साथ सहयोग, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बढ़ने के साथ-साथ तेजी से महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है।' उन्होंने यह भी कहा कि भारत और जापान के मौलिक मूल्य एक जैसे हैं और रणनीतिक हित भी एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा, 'भारत यात्रा के दौरान, मुझे प्रधानमंत्री मोदी के साथ तीन क्षेत्रों- 'व्यापक अंतरराष्ट्रीय स्थिति के संदर्भ में जापान और भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को गहरा करना, आर्थिक सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाना और व्यवसायों को निवेश और नवाचार करने में सक्षम बनाने के लिए सहयोग गहरा करना' आदि में ठोस सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए काम करने की उम्मीद है।

संबंधों को मजबूती देने वित्त मंत्री सीतारमण फ्रांस रवाना

कृति अंबे

भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने, निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और नवाचार को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को फ्रांस की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुईं।

निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'यात्रा के दौरान सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम भारत-फ्रांस आर्थिक और वित्तीय संवाद (ईएफडी) होगा, जिसकी सह-अध्यक्षता सीतारमण और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त, औद्योगिक एवं ऊर्जा संप्रभुता मंत्री रोलैंड लेस्क्योर करेंगे। यह संवाद एईक्स-एन-प्रोवेंस में आयोजित होगा।'

बयान के अनुसार, 'ईएफडी के हिस्से के रूप में दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में अधिक द्विपक्षीय सहयोग की संभावित क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे और भारत तथा फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।'

इस यात्रा के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण कुछ प्रमुख वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगी। इसके अलावा वह भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था से संबंधित कारकों, व्यापक संरचनात्मक सुधारों, लगातार बढ़ते निवेश अवसरों और दीर्घकालिक विकास संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ गोलमेज बैठक में भी भाग लेंगी।

बयान में यह भी बताया गया है कि सीतारमण 'नए उभरते मध्यम वर्ग के विकास' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेंगी। यह चर्चा एईक्स-एन-प्रोवेंस स्थित 'ले रेनकॉन्ट्रेस इकनॉमिक्स डी'एईक्स-एन-प्रोवेंस' में होगी, जो वैश्विक आर्थिक और सार्वजनिक नीति के मुद्दों पर संवाद के लिए यूरोप के प्रमुख वार्षिक मंचों में से गिना जाता है।

विज्ञप्ति में कहा गया, 'यह मंच, जिसे 'ले सेर्कल डेस इकनॉमिस्ट्स' द्वारा आयोजित किया जाता है, दुनिया भर से सरकार प्रमुखों, मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों, व्यापारिक दिग्गजों, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को समकालीन आर्थिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श के लिए एक साथ लाता है।'

वित्त मंत्री की इस यात्रा से देश में साइबर तंत्र को मजबूत करने और डिजिटल अर्थव्यवस्था में नवाचार को बढ़ावा देने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही इन क्षेत्रों में दोनों देशों के अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने में मदद मिलेगी।

सीतारमण प्रोवेंस-आल्प्स-कोट डी'एजूर (पीएसीए) क्षेत्र के अध्यक्ष रेनॉड मुसेलियर से भी मुलाकात करेंगी और निवेश, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और क्षेत्रीय आर्थिक साझेदारी सहित आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगी।

खामेनेई की अंतिम विदाई

ईरान ने खरगे, खुर्शीद को भेजा निमंत्रण

ईरान की सरकार ने अपने सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम विदाई से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को आमंत्रित किया है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अपने विदेश विभाग के प्रमुख खुर्शीद को ईरान भेज सकती है।

सूत्रों ने बताया, 'ईरान की सरकार की तरफ से कांग्रेस अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए कांग्रेस की तरफ से किसी नेता को भेजा जाएगा। संभवतः खुर्शीद को भेजा जाए।' खेड़ा का कहना था कि उन्हें निमंत्रण मिला है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष इस बारे में फैसला करेंगे कि वहां पार्टी की तरफ से कौन जाएगा।

खेड़ा कांग्रेस के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने यहां ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर संवेदना प्रकट की थी।

मल्लिकार्जुन खरगे

खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ीं रस्में 5 से 9 जुलाई तक होंगी। खामेनेई तीन दशकों तक ईरान के सर्वोच्च नेता रहे। वह 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से ईरान पर किए गए हमलों में मारे गए थे। खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रम 5, 6 और 7 जुलाई को तेहरान और कोम में आयोजित किए जाएंगे, जबकि अंतिम कार्यक्रम 9 जुलाई को मशहद शहर में होगा। **भाषा**

होर्मुज से आवाजाही सामान्य होने में लग सकता है समय

विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज से जहाजों की आवाजाही अभी भी कम है और हालात सामान्य होने में तीन महीने लगेंगे

ध्रुवाक्ष साहा

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने के दो सप्ताह बाद भी होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का आवागमन रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया के इस अहम समुद्री मार्ग से जहाजों की आवाजाही अभी भी कम है और हालात सामान्य होने में लगभग तीन महीने लगेंगे। होर्मुज स्ट्रेट भारत के लिए काफी अहमियत रखता है और अपनी ऊर्जा जरूरतों का ज्यादातर हिस्सा इसी मार्ग से मंगाता है।

पिछले चार महीनों में यहां नाकाबंदी और आवाजाही पर रोक से दुनिया भर में ऊर्जा की आपूर्ति पर असर पड़ा है और भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। देश में रसोई गैस संकट उत्पन्न हो गया और इसके दाम बढ़ गए। जहाजों पर हमलों में कई भारतीय नाविकों की मौत के बाद सुरक्षा हालात धीरे-धीरे सुधरे हैं। इसके बाद भारत के समुद्री नियामक ने पिछले सप्ताह एक नई सलाह जारी की जिसमें इस इलाके में भारतीय नाविकों को तैनात करने पर जहाज परिवहन (शिपिंग) कंपनियों के लिए पहले लगाई गई पाबंदी हटा दी गई।

समुद्री प्रशासन महानिदेशालय के परिपत्र में कहा गया है, 'खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा की मौजूदा स्थिति को देखते हुए निदेशालय यह स्पष्ट करता है कि भारतीय जहाज मालिकों या प्रबंधकों के लिए तटीय देशों एवं सुरक्षा एजेंसियों के सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए फारस की खाड़ी क्षेत्र में और उससे बाहर जहाजों का संचालन जारी रखने और भारतीय नाविकों को तैनात करने पर कोई रोक नहीं है।'

इसने संबंधित पक्षों को सावधानी बरतने की सलाह दी। जहाजों के आवागमन एवं इससे जुड़े पहलुओं को समझने वाले जानकारों के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट से बाहर जाने वाले (पूर्व की ओर जाने वाले) जहाजों की संख्या अधिक है क्योंकि जहाजरानी कंपनियां अभी भी सतर्क हैं।

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म जेनेटा के मुख्य विश्लेषक पीटर सैंड के मुताबिक युद्ध शुरू होने से पहले सभी तरह के जहाजों और खास तौर पर कंटेनर जहाजों के लिए आवाजाही का अनुपात 50-50 प्रतिशत था। मार्च और जून के बीच कुल आवाजाही में 60 प्रतिशत हिस्सा बाहर की ओर (पूर्व की ओर) जाने वाले जहाजों की थी जबकि कंटेनर जहाजों के मामले में यह आंकड़ा 63 प्रतिशत था। अलग-अलग देशों ने लोगों को निकालने के लिए कंटेनर जहाजों को कम प्राथमिकता दी और जरूरी ऊर्जा खेप को अधिक तवज्जो दी। सैंड ने इस समाचार पत्र को बताया, 'जब तक अधिक से अधिक जहाज अरब की खाड़ी से 'निकल' रहे हैं तब तक पश्चिम एशिया में खासकर होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले समुद्री व्यापार सामान्य नहीं होंगे।' जेनेटा के मुताबिक हालात सामान्य होने में लगभग तीन महीने लगेंगे क्योंकि अमेरिका-ईरान समझौते से यह मार्ग तुरंत नहीं खुलेगा। समझौता ज्ञापन के प्रावधान (आर्टिकल) 4 और 5 में अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी और ईरान की इस जिम्मेदारी का जिक्र है कि वह आवाजाही में रुकावट न डाले मगर समझौते में माइन-स्वीपिंग ऑपरेशन (समुद्री बारूदी सुरंगें हटाने के काम) के लिए 30 दिन का समय तय किया गया है। मगर इस कार्य में इससे कहीं ज़्यादा समय लग सकता है।

उन्होंने कहा, 'जब तक ये अभियान पूरे और सुरक्षित नहीं हो जाते तब तक सामान्य 'शिप सेपरेशन स्कीम' (जहाजों की आवाजाही व्यवस्थित करने की व्यवस्था) के जरिये बड़े पैमाने पर जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू नहीं हो सकती।'

जहाजरानी कंपनियां काम फिर से शुरू कर रही हैं मगर सावधानी भी बरत रही हैं। जापान की बड़ी शिपिंग कंपनी मित्सुई ओएसके लाइन्स (एमओएल), जो भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज चलाती है, ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि वह सुरक्षा कारणों से अलग-अलग जहाजों के संचालन की स्थिति या परिचालन उपायों पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी। फ्रांस की कंपनी सीएमए सीजीएम के एक अधिकारी ने बताया कि उसका एक जहाज रविवार को सफलतापूर्वक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरा।

कंपनी ने कहा, 'समूह इस क्षेत्र में जारी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है और अपने चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।' इस उथल-पुथल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रमुख समुद्री मार्गों पर माल ढुलाई की दरों में 197 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank
हमीदिया रोड शाखा, भोपाल
संशोधन
इस समाचार पत्र में दिनांक 01/07/2026 को प्रकाशित ई-नीलामी सूचना (खाता- **मेसर्स खिल्ला कोलोनाइजर्स प्रा. लि.** बकाया राशि की दिनांक 01.07.2017 से कानूनी खर्चे एवं अन्य खर्चे के स्थान पर दिनांक 01.01.2017 से कानूनी खर्चे एवं अन्य खर्चे पढ़ा जाये। अन्य संपत्तियों की नीलामी एवं नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब एण्ड सिंध बैंक

रंगमंच के आकाश से टूटा सितारा

मशहूर रंगकर्मी एवं रंगमंच निर्देशक तथा अभिनेत्री विजया मेहता नहीं रहीं

एजेंसियां

मशहूर रंगकर्मी एवं रंगमंच निर्देशक तथा अभिनेत्री विजया मेहता का मंगलवार रात दक्षिण मुंबई स्थित उनके घर पर उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 92 साल की थीं। उनकी मौत की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई और कई दिग्गज अभिनेताओं एवं अभिनेत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

विजया मेहता ऐसे कलाकारों में शुमार की जाती हैं, जिन्होंने भारतीय रंगमंच को नया रूप दिया और कलाकारों, निर्देशकों तथा कथाकारों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। मेहता को प्यार से लोग 'बाई' कहकर बुलाते थे। मेहता ने नाटककार विजय तेंदुलकर, अभिनेता डॉ. श्रीराम लागू और रंगकर्मी अरविंद देशपांडे के साथ मिलकर प्रभावशाली थिएटर समूह 'रंगायन' की स्थापना की थी। उन्होंने 'एक शून्य बाजीराव', 'बैरिस्टर', 'हमीदा-बाईची कोठी', 'पुरुष', 'महासागर' और 'शाकुंतल' जैसे चर्चित नाटकों का निर्देशन किया। इसके अलावा 'राव साहेब' और 'पेस्टनजी' जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों का निर्देशन भी किया। उनके परिवार में एक बेटी और दो बेटे हैं।

अभिनेता अनुपम खेर और अभिनेत्री शबाना आजमी ने उनके निधन को रंगमंच के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया। मेहता के साथ उनकी चर्चित फिल्मों 'राव साहेब' (1986) और 'पेस्टनजी'

स्मृति शेष

(1988) में काम कर चुके खेर ने उन्हें 'भारत की अब तक की सबसे बेहतरीन रंगमंच प्रतिभाओं में से एक' बताया।

खेर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विजया मेहता, एक महान हस्ती! विजया मेहता के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वह भारत की सबसे बेहतरीन रंगमंच हस्तियों में से एक थीं जो एक शानदार फिल्मकार और सबसे बढ़कर एक बेहतरीन इंसान थीं।' इस दिग्गज अभिनेता ने कहा कि मेहता के साथ काम करना उनके लिए एक बदलाव लाने वाला अनुभव रहा।

उन्होंने लिखा, 'मुझे 'राव साहेब' और 'पेस्टनजी' में विजया बाई के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। मैं तब तक कुछ फिल्में कर चुका था और सोचता था कि अभिनय को समझता हूं, लेकिन उनके साथ हर रिहर्सल मुझे याद दिलाता था कि इस कला का सागर कितना अथाह है।' खेर ने कहा कि मानव व्यवहार की गहरी समझ होने के बावजूद मेहता कभी भी अपना ज्ञान दूसरों पर थोपती नहीं थीं। उन्होंने लिखा, 'उनका अनुशासन शालीनता में, उनकी आत्मीयता विनम्रता में और उनकी प्रतिभा सादगी में लिपटी हुई थी।' उन्होंने यह भी कहा, 'मृत्यु की सबसे क्रूर बात यह है कि खबर सुनते ही हमें किसी प्रिय व्यक्ति के बारे में भूतकाल में बात करनी पड़ती है, जबकि दिल को इसे स्वीकार करने में समय लगता है।'

अभिनेत्री शबाना आजमी ने कहा कि मेहता ने अपनी निडर रचनात्मकता और कलात्मक दृष्टि से भारतीय रंगमंच को नए रूप में परिभाषित किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जब आप ऐसे कलाकारों की बात करते हैं, जो केवल अभिनय नहीं करते बल्कि वे कला के स्वरूप को ही बदल देते हैं तो जिनका नाम हमारे दिमाग में सबसे पहले आता है वह हैं विजया मेहता। वह दूरदर्शी थीं, जिन्होंने अपनी जिज्ञासा और निर्भीक रचनात्मकता के साथ भारतीय रंगमंच को बदल दिया और कई पीढ़ियों को प्रेरित किया।' आजमी ने कहा कि उनका काम केवल रंगमंच तक सीमित नहीं था बल्कि वह सत्य, मानवता और कहानी कहने की असीम शक्ति के बारे में था।

मराठी रंगमंच के एक युग का अंत : फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जानी मानी रंगकर्मी एवं निर्देशक और अभिनेत्री विजया मेहता के निधन पर शोक जताया और कहा कि उनके निधन के साथ मराठी रंगमंच के एक युग का अंत हो गया। फडणवीस ने अपने शोक संदेश में कहा कि मेहता ने एक अभिनेत्री, निर्देशक और निर्माता के तौर पर अपने काम से रंगमंच तथा सिनेमा की दुनिया में अपनी एक खास पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि एक अभिनेत्री के तौर पर पहचान बनाने के बाद उन्होंने कई मशहूर नाटकों का निर्देशन किया और रंगमंच कलाकारों की कई पीढ़ियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि फिल्मों में भी उनके काम की काफी तारीफ हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'विजया मेहता का निधन प्रदर्शन कला की दुनिया में एक पीढ़ी के अहम अध्याय के खत्म होने जैसा है।' मेहता के परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए फडणवीस ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ हैं।

सेना जंग के लिए हमेशा तैयार : सेठ

सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ परिवार के साथ

सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना जंग के लिए हमेशा तैयार और युद्ध का व्यापक अनुभव रखने वाला बल है तथा इसका लक्ष्य एक ऐसी प्रौद्योगिकी युक्त और भविष्य के लिए तैयार सेना बनाना है जो कई मोर्चों पर प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 'विजय' शब्द का इस्तेमाल किया। 'विजय' शब्द को अंग्रेजी में लिखे जाने पर इसमें शामिल अक्षरों का अभिप्राय यहां 'वी' से 'विजिलेंस (सतर्कता), आई से इनोवेशन (नवाचार), 'जे' से 'ज्वाइंटनेस' (एकीकृत), 'ए' से 'आत्मनिर्भर' और 'वाई' से 'योद्धा प्रथम' है।

जनरल सेठ, जो एक बेहतरीन सैन्य अधिकारी हैं और जिनके नाम पश्चिमी सीमा पर सेना की दो अभियानगत कमान संभालने का विशेष रिकॉर्ड है, ने मंगलवार को सेना प्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली, जो 40 साल से अधिक लंबे शानदार करियर के बाद 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए।

बुधवार को साउथ ब्लॉक के परिसर में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद जनरल सेठ ने कहा कि भारतीय सेना युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार और अनुभवी बल है, जो 'युद्ध के मैदान में हर चुनौती का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहती है।' उन्होंने कहा, '31वें सेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभालना मेरे लिए गर्व और विनम्रता का क्षण है। मैं कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र-सर्वोपरि के आदर्शों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं।' जनरल सेठ ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी।

सेना प्रमुख ने कहा, 'उनका साहस, कर्तव्य के प्रति निष्ठा और निस्वार्थ समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।' जनरल सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1986 में 'आर्म्ड कोर' में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा, 'बदलते सुरक्षा माहौल की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें नए जोश और दृढ़ इरादे के साथ सेना के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाना होगा।' **भाषा**

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
प्रधान कार्यालय : ग्राहक श्रेष्ठता शाखा बैंकिंग विभाग
स्टार हाउस 2, तल मंजिल, सी-5, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051
संपर्क : +91 22 6131 9840, 6131 9811, 61319836, 61319890
वेबसाइट : www.bankofindia.bank.in; ईमेल : ho.cebb@bankofindia.bank.in
निविदा सूचना
बैंक ऑफ़ इंडिया ''कस्टमर फ़ीडबैक और सुझाव सर्वे'' के लिए ओपन रिक्वेस्ट फ़ॉर प्रपोज़ल (RFP) आमंत्रित करता है। प्रस्ताव के लिए अनुरोध जमा करने की अंतिम तिथि **30.07.2026 को शाम 4.30 बजे तक** है। पूरा विवरण GeM पोर्टल और बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट **www.bankofindia.bank.in** पर ''निविदा'' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल बैंक की वेबसाइट पर ही रखा जाएगा।
स्थान : मुंबई
दिनांक : 30.06.2026
महाप्रबंधक – सीईबीबी

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ
पी.एस.बी
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्र. का. भविष्य निधि विभाग
सिद्धार्थ एन्कलेव, आश्रम चौक नई दिल्ली–110014
दूरभाष: 011–42418871/42418872 ई–मेल: ho.pf@psb.bank.in
जहाँ सेवा ही जीवन – ध्येय है
निविदा सूचना
पंजाब एंड सिंध बैंक GEM पोर्टल (**GEM/2026/B/7712579 दिनांक 25.06.2026**) के माध्यम से पंजाब एंड सिंध बैंक के कर्मचारियों के लिए ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के नवीनीकरण के लिए RFP आमंत्रित करता है। यह RFP बैंक की वेबसाइट **https://punjabandsind.bank.in/** और GEM पोर्टल **https://gem.gov.in/** पर अपलोड किया गया है।
टेंडर विवरण और भविष्य में किसी भी संशोधन के लिए, कृपया निम्नलिखित को रेफर करते रहें:– **https://punjabandsind.bank.in &** सरकारी ई–मार्केट पोर्टल पर (GEM).
दिनांक: 02.07.2026
सहायक महाप्रबंधक

pib insurance brokers
— PROTECT YOUR BUSINESS — WITH CONFIDENCE
Comprehensive insurance solution for SMEs, corporates and property
LIABILITY & FINANCIAL LINES INSURANCE
ENGINEERING & INDUSTRIAL RISK INSURANCE
PROPERTY & FIRE INSURANCE
MARINE & LOGISTICS INSURANCE
EMPLOYEE BENEFITS & GROUP INSURANCE
GMC - Group Medical Cover
GPA - Group Personal Accident
GTL - Group Term Life Insurance
MOTOR & FLEET INSURANCE
MISCELLANEOUS INSURANCE SOLUTIONS
WHY CHOOSE US
Customized Solutions
Competitive Premiums
Dedicated Risk Advisory
Expert Claim Support
CONTACT US
info@pibinsurance.in
9820006729
www.pibinsurance.in